हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 8 जनवरी 2024

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4 मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम : कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ कलेक्टर का खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान ने धान खरीदी केन्द्र भटगांव का निरीक्षण किया। श्री चौहान ने धान खरीद चुके भंडारित धान को छूकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर मीडिया कर्मी के द्वारा किसानों को हो रही समस्या को अवगत कराया गया, कलेक्टर श्री चौहान ने स्थल पर ही निराकरण के लिए अधिकारियो को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी एस के साहू, उप प्रबंधक जे पी सिंह, डीपीएम मनोज यादव, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, तहसीलदार कमलेश सिदार उपस्थित थे।

### डीपीआरसी भवन का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान ने सारंगढ़ में पंचायत विभाग के डीपीआरसी भवन के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर आरईएस एसडीओ बी के खांडेकर, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

### त्वरित लाभ दिलाना ही संकल्प यात्रा का उद्देश्य

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान रविवार को बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम सुतीउरकुली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री चौहान ने विकसित भारत संकल्प यात्रा संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि समय पर लाभ दिलाना मेरा और विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में, सरकार के योजनाओं में और राजस्व आपदा के तहत मेरे जिले में कार्यरत सभी अधिकारी और कर्मचारी के साथ मिलकर जनता भी काम करें, तो मैं विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे में आरबीसी अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से आकस्मिक मृत्यु जैसे प्रकरण में 4 लाख का सहयोग राशि दिलाऊंगा। इस अवसर पर अतिथि सुभाष जालान ने कहा कि इस यात्रा में शिविर में सरकार की योजनाओं का गांव गांव में लाभ दिया जा रहा है।

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए कलेक्टर

**सारंगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान शनिवार की संध्या को अशोका पब्लिक स्कूल सारंगढ़ के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री चौहान ने कहा कि बच्चे अच्छे से पढ़कर माता पिता जिला राज्य और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत सहित स्कूल के पदाधिकारी उपस्थित थे। छात्र छात्राओं ने कलेक्टर चौहान के सामने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी।

### तमनार में श्रीराम चरण पादुका का भव्य स्वागत

**तमनार।** 15 दिसंबर से श्रीलंका से अयोध्या के लिए चली राम राज्य युवा यात्रा 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। यह यात्रा राम वन गमन पथ होते हुए अनुसार आज अपरान्ह 2 बजे तमनार पहुंची। समस्त तमनार वासियों को गायत्री मंदिर परिसर में श्री राम चरण पादुका एवम सीताराम चरण पादुका के दर्शन का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर विहिप के अध्यक्ष सुखदेव पटनायक एवं गीतांजलि पटनायक, हरेराम सिदार, उपाध्यक्ष, जयराम सिदार सचिव, नीलांबर पटनायक विजय बहिदार, मीर पटनायक दिनेश पटनायक, अजय दास, रूपचंद गुप्ता, कमल लोचन बेहरा, संजय बेहरा,योगेश गुप्ता, उग्रेशन साहू, जागेश्वर यादव, बडखा सिदार सुचित्रा राजपूत, गायत्री बेहरा, श्याम उरांव, पुष्पा श्रीवास, सविता पटनायक, अनीता भगत, सहोद्र साहा, अनीता यादव अरुंधति साहू श्यामा ऊरांव मीता पटनायक सहित सदस्य मौजूद रहे।

परेशानी : अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे तमाम चालक

# आज से नहीं चलेंगे ट्रक, राजधानी में बैठक के बाद लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राजधानी रायपुर में रविवार को चालक संगठन की एक प्रदेश व्यापी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हिट एंड रन कानून के प्रावधानों के विरोध में आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय चालकों द्वारा लिया गया है। आज से ट्रक चालक वाहनों की चाबी मालिक को सौंप काम बंद कर दिया है। यानी आज से ट्रकों के पहिए अनिश्चितकाल के लिए थम गए हैं।

गौरतलब है कि बीते दिनों संसद में केन्द्र सरकार ने नया हिट एंड रन कानून लाने की तैयारी की जा रही है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संसोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी चालक पर 7 लाख रूपए तक जुर्माना और 10 वर्ष तक कैद का प्रावधान किया गया है। इसी कानून का विरोध अब ट्रक चालक यूनियन सहित तमाम ट्रक चालकों द्वारा किया जा रहा है। ट्रक चालकों ने पहले ही 1 जनवरी से 3 जनवरी तक हड़ताल किया था। इसका काफी असर देखने को मिला था, तमाम पेट्रोल पंप ड्राय हो गए थे, वहीं सब्जियों व राशन के आवक नहीं होने की वजह से इसकी कीमतों में भी इजाफा देखने को मिला था। इस बार भी यही हालात बन सकते हैं। क्योंकि रविवार को प्रदेश भर के चालक रायपुर में संगठन की बैठक में शामिल हुए, जिसमें सोमवार से हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक के बाद वाहन चालको ने गाड़ी मालिकों को चाबी सौंप दी है और हडताल करते हुए काम बंद कर घर पर ही बैठ गए हैं। बता दें कि इससे पहले भी चालको ने तीन दिवसीय हड़ताल किया था, जिस पर शासन प्रशासन ने भी इन्हें समझाइश दी थी। ऐसे में वे हड़ताल स्थगित कर वापस लौट गए थे, किंतु आज से पुनः चालक संघ हड़ताल कर रहा है।



#### ट्रांसपोर्टिंग प्रभावित

अहम बात यह है कि कई तरह की चीजों की ट्रांसपोटिंग ट्रको से ही होती है, इसमें सबसे अनिवार्य वस्तु पेट्रोल डीजल, राशन, सब्जी आदि हैं। ऐसे में आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वही सब्जी सहित राशन के दाम भी और बढ़ने की उम्मीद है।

#### ऑटो संघ का समर्थन नहीं

जानकारी के अनुसार जिला ऑटो संघ के जिला अध्यक्ष संजय बाजपेयी ने बताया कि इस हड़ताल का समर्थन वे नहीं कर रहे हैं। रायपुर में आयोजित बैठक में वहां के ऑटो संघ सहित स्थानीय चालकों ने समर्थन दिया है। किंतु यहां इसका ऑटो के परिचालन में प्रभाव नहीं पड़ेगा।

#### कानून वापस लेने की मांग

इस कानून के लागू होने के बाद ट्रक चालकों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि हर बार बड़े वाहन में चालकों की गलती से दुर्घटनाएं नहीं होती। सड़क में कई वाहन चलते हैं, ऐसे में कई बार छोटे वाहन चालकों की गलती से भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में इसका जिम्मेदार ट्रक चालकों को मान कहां तक सही होगा। यही वजह है कि वे इस कानून को वापस लेने की मांग सरकार से कर रहे हैं।

#### सहमति बन गई

रायपुर में प्रदेश भर के तमाम चालकों की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें हड़ताल करने को लेकर सहमति बनी है। जिसके तहत चालकों ने अपने वाहन मालिकों को गाड़ी की चाबी सौंप दी है और काम बंद कर घर पर ही बैठ गए हैं।

**- शंकर बरेठ,** जिला अध्यक्ष छग ड्राइवर एकता संगठन

## अब रायगढ़ पीडब्ल्यूडी करेगा पत्थलगांव की सड़क का काम



हो रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जशपुर में वर्षों से मुख्य सड़कों की बदहाली दूर करने की योजना तैयार करने के दौरान लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का बड़ा नमूना सामने आया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पत्थलगांव में लोक निर्माण विभाग का सम्भागीय मुख्यालय होने के बाद भी यहां पर मुख्य सड़क का निर्माण और संधारण के काम को रायगढ़ जिले को सौंप दिया गया था। मगर इसकी आड़ में बड़ा आर्थिक गोलमाल को अंजाम दिया जा रहा था। अब यह मामला सामने आने के बाद पत्थलगांव लोक निर्माण संभाग का पूरा अमला लिपापोती में जुट गया है।

दरअसल यहां लोक निर्माण विभाग का संभागीय मुख्यालय होने के बाद भी पत्थलगांव की सड़क निर्माण की जिम्मेदारी रायगढ़ जिले के पास दे दी गई थी। इसी वजह वर्षों से यहां मुख्य सड़क की बदहाली दूर नहीं हो रही थी। अब लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की ओर से वर्षों से चल रही इस बड़ी लापरवाही को दूर करने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है किए जशपुर जिले के पत्थलगांव धर्मजयगढ़ मुख्य सड़क का नया निर्माण और संधारण की जिम्मेदारी वर्षों से रायगढ़ जिले के पास ही है लेकिन रायगढ़ जिले के अधिकारियों को पत्थलगांव क्षेत्र की सड़क से कोई लेना देना नहीं रहता। इसी कारण पत्थलगांव शहर में रायगढ़ मार्ग की मुख्य सड़क लम्बे समय से बदहाल पड़ी है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में सड़कों का कायाकल्प के दौरान पत्थलगांव की धूल भरी जर्जर सड़क का भी सुधार होने की तैयारी शुरू हो गई है।

## निर्माणाधीन मकान में जुआ खेलते कांग्रेस पार्षद समेत 10 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सुश्री होटल के पीछे स्थित एक निर्माणाधीन मकान में वार्ड पार्षद सहित 10 जुआरियों को साइबर सेल व जूटमिल पुलिस ने जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए जुआरियों के पास से 1 लाख 80 हजार 570 और 10 मोबाइल जब्त किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुश्री होटल के पीछे स्थित एक निर्माणाधीन मकान में कुछ लोग जुआ सट्टे पर लाखों रूपए के दांव लगा रहे हैं। मुखबिर की सूचना मिलते ही साइबर सेल व जूटमिल पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की। मौके पर पहुंच कर घेराबंदी करते हुए साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी के नेतृत्व में धरपकड़ की गई। मौके पर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा गया। पकडे गए आरोपियों के पास से 1 लाख 80 हजार 570 रूपए, 10 मोबाइल, एक प्लास्टिक बोरी की जब्त की गई। इस जुआ फड़ में संलिप्त आरोपी रविंद्र अरोड़ा पिता जगदीश अरोड़ा उम्र 42 वर्ष निवासी सोनार पारा, रौनक अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल उम्र 32 वर्ष निवासी कालिंदी कुंज, मोहम्मद शहजादा पिता मोहम्मद खादीम उम्र 35 वर्ष निवासी राजापारा, अजहरुद्दीन अली पिता मोहम्मद हामिद उम्र 26 वर्ष निवासी मौधापारा, विनय अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल उम्र 48 वर्ष निवासी सांगीतराई, प्रशांत मिश्रा पिता सुखदेव मिश्र उम्र 22 वर्ष निवासी गोपालपुर, मोहम्मद अंसारी पिता मोहम्मद मुख्तार उम्र 51 वर्ष निवासी चांदमारी, राजेश अग्रवाल पिता बद्री प्रसाद अग्रवाल उम्र 50 वर्ष निवासी एमजी रोड, रत्थू प्रसाद जायसवाल पिता खगेश्वर प्रसाद उम्र 45 वर्ष निवासी कबीर चौक, तथा दयाराम अग्रवाल पिता रामकुमार अग्रवाल उम्र 65 वर्ष निवासी सेवा कुंज शामिल हैं। आरोपियों के विरूद्ध थाना जूटमिल में धारा 5 जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। जुआ रेड कार्यवाही में प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी, थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव के साथ साइबर सेल तथा जूटमिल पुलिस की भूमिका रही।

पुलिस कार्रवाई में 1.80 लाख जब्त



#### जुआ व अवैध शराब का अड्डा बना जूटमिल

जूटमिल में एफसीआई गोदाम के समीप तथा कुछ नजूल व शासकीय प्लाटों पर कब्जा कर मकान बनाए गए हैं, जिनका उपयोग जुआ सट्टे के लिए ही किया जाता है। वहां जुआरियों द्वारा हजारो लाखों रूपए का दांव लगाने के साथ ही सट्टा पट्टी भी लिखी जाती है। अहम बात यह है कि इन अवैध मकानों को इसी कार्य के लिए ही बनाया गया है।

#### राजनीतिक दबाव में नहीं की कार्रवाई

काफी लंबे समय से जूटमिल क्षेत्र में जुआ सट्टा का अवैध कारोबार चल रहा है। पिछली शासन के दौरान राजनीतिक दबाव में पुलिस कार्रवाई करने से बचती नजर आई। किंतु अब सत्ता बदलने के बाद पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। पार्षद रत्थू जायसवाल की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट होता है कि शहर के भीतर इस काले कारोबार में कई सफेद पोश लोगों की संलिप्तता हो सकती है।

## मंत्री ओपी ने बढ़ते सड़क हादसों पर जताई चिंता

**ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील**

### शहर में हुई दुर्घटना में आधा दर्जन की मौत पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ के दो अलग अलग स्थानों में हुए दो सड़क दुर्घटनाओं में एक पांच वर्षीय बच्ची समेत चार लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि रायगढ़ के मिड़मिड़ा मेनरोड़ पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक पांच वर्ष की मासूम बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि रायगढ़ के चक्रधर नगर में एक इलेक्ट्रानिक आटो रिक्शा के पटलने से उसमें बैठे एक यात्री की मौत हो गयी। दुख की इस घड़ी में श्री चौधरी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है तथा सम्पूर्ण परिवार को इस असहनीय दुरूख को सहन करने की परम पिता पमात्मा से प्रार्थना की है।

श्री चौधरी ने रायगढ़ एवं प्रदेश की जनता से ट्रेफिक नियमों के पालन करने की भी अपील की है ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगायी जा सके। उन्होंने बाइक पर तीन सवारी न बिठानेए रॉन्ग साइड न चलने और तेज रफ्तार गाड़ी न चलाने के साथ ही अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की लोगों से अपील की है।

### अटल नगर विकास प्राधिकरण की ली बैठक

वित्त आवास एवम पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने आज नवा रायपुर स्थित अटल नगर विकास प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों की मैराथन बैठक ली और विभागीय अधिकारियों से प्रदेश में वर्तमान संचालित योजनाओं की समीक्षा की। साथ साथ नए विकास कार्यों, सहित प्रस्तावित एवं विभिन्न प्रोजेक्ट, उनसे जुड़े बजट सहित नवीन योजनाओ के बेहतर एवम प्रभावी क्रियान्वन के संबंध में विभागीय अधिकारियों से विस्तार में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित हो कि मंत्री पद संभालते ही ओपी चौधरी ने तत्काल ताबड़ तोड़ बैठके ले रहे है ताकि प्रदेश की जनता ने विकास को लेकर भाजपा पर जो भरोसा जताया है उस पर वे खरा उतर सके। प्रदेश भर की योजनाओ को बनाए जाने में अहम जिम्मेदारी ओपी चौधरी के कंधो पर है साथ साथ उनके लिए आवश्यक धन राशि जुटाना एवम बेहतर तरीके से क्रियान्वन करना ओपी की प्रथानिकताओं में शामिल है। ओपी चौधरी ने कलेक्टर रहते ओपी चौधरी ने जितने भी बड़े विकास कार्य किए सभी कार्य बिना बाधा समय सीमा में ही पूरे किए है।

## वैदिक इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव की धूम

**रायगढ़।** वैदिक इटरनेशनल स्कूल शिक्षण संस्थान में रविवार की शाम को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी उपस्थित थे। किंतु कार्य में व्यस्तता के कारण ऑनलाइन उपस्थित होकर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि में डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा व राम मंदिर सेवा संस्थान के उप सभापति व रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के सभापति सुनील रामदास अग्रवाल थे।

वार्षिकोत्सव का आरम्भ माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की नन्हे बच्चों द्वारा अपनी मनोरम प्रस्तुति से की गई। विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों को दर्शाते हुए अलग-अलग मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। वैदिक इंटरनेशनल स्कूल ने इस वर्ष एक नई शुरुआत करते हुए रायगढ़ जिले के दो महान हस्तियों को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें पर्वतारोही कुमारी याशी जैन व शिल्पकार धनीराम झारा थे। इन्होंने अपनी क्षमताओं से देश व प्रदेश को गौरान्वित किया है। विद्यालय के चेयरमैन आनंद अग्रवाल ने प्रतिभावान छात्रों को उनकी सफलताओं के लिए स्मृति चिह्न भेंट किया तथा विद्यालय में उपस्थित मुख्य अतिथियों व अभिभावकों को आभार व्यक्त किया। अंत में प्राचार्या महोदया पुष्पिता सिन्हा ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया और उपस्थित सभी महानुभावों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया।



सामाजिक एकता का साक्षी बना विजय ढाबा गार्डन

## लिट्टी चोखा और संवाद के साथ भोजपुरी समाज का नववर्ष मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दिल से लोकल सोच से ग्लोबल नगर के भोजपुरी समाज का बीते शनिवार को नववर्ष मिलन आयोजित किया गया। शहर के अटल चौक के पास स्थित विजय ढाबा गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार और पूर्वांचल के शताधिक भोजपुरी समाज के लोगो ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव की माटी और संस्कृति से दूर रह रहे समाजिक लोगों को एक ऐसा मंच देना था जिसमे सभी अपने गांव कस्बे के देशीपन को खुलकर सकें। सभी ने भोजपुरी गीतों की धुन पर पारंपरिक लिट्टी चोखा का भरपूर स्वाद भी लिया।

भोजपुरी सामाजिक मिलन कार्यक्रम के विषय में कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक पवन कुमार ओझा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ इतना है कि समाज के लोगों के बीच अपनापन और खुशियां बढ़ें। इस कार्यक्रम मे सभी लोग इकट्ठे हुए और समय को गुलजार बनाया। सामाजिक प्रयास से कार्यक्रम को यादगार बनाने मे कोई कसर बाकी नहीं रखी गई थी। पवन ओझा ने कहा कि दोस्तों के साथ खुद से पकाया भोजन खुशी के साथ यादगार भी बन जाता है। कार्यक्रम मे लिट्टी चोखा को ही भोज मे शामिल करने को लेकर पवन का कहना था कि लिट्टी यूपी बिहार का लोकप्रिय व्यंजन तो है ही। साथ ही इसमे सामाजिक भावना, अपनत्व व भागीदारी देखने को मिलती है। ऐसे मे यह व्यंजन आपसी जुड़ाव के लिए महत्वपूर्ण है। विदित हो कि एक दशक पूर्व भोजपुरी समाज को संगठित करने की नीव स्थानीय कालिंदीकुंज निवासी प्रमोद कुमार सिंह ने रखी थी जो सामाजिक युवाओं के प्रयास से आज पूरे जिले मे विशाल संगठन का स्वरूप ले लिया है। सामाजिक मिलन कार्यक्रम मे खास तौर से आमंत्रित बाबू प्रमोद सिंह ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ भी हासिल करने के लिए सामाजिक एकता बहुत जरुरी है। वहीं उन्होने शहर मे भोजपुरी समाज के उत्थान के लिए सही नेतृत्व के साथ प्रतिनित्व बढाने की जरुरत पर बल दिया। प्रियदर्शी वासुदेव बस के संचालक घनश्याम सिंह ने भी आयोजन की सराहना करते हुए एकजुट होकर समाज में आ रही दिक्कतों का साझा हल निकालते हुए हर क्षेत्र मे भोजपुरी समाज को मजबूत होने की आवश्यकता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि महानगरों सहित किसी भी प्रांत के विकास में यूपी बिहार भोजपुरी समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी है।

इसी कड़ी मे नगर के वरिष्ठ पत्रकार हरेराम तिवारी ने भी भोजपुरी समाज को अपने संस्कृति और क्षमता पर गर्व करते हुए राष्ट्र तथा सामाजिक उत्थान में अपना यथेष्ठ सहयोग देने का आव्हान किया। नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक रंजन सिन्हा ने भी भोजपुरी समाज को राजनीति समेत हर क्षेत्र मे अपना प्रतिनित्व बढ़ाने की बात कही।



#### इन चेहरों ने बढ़ाई कार्यक्रम की शोभा

भोजपुरी समाज के नववर्ष मिलन कार्यक्रम में राजनीति मीडिया और कला के क्षेत्र से जुड़े कई बडे चेहरे शामिल हुए। इनमे प्रमुख रुप से सामाजिक संगठन के पूर्व संयोजक बाबू प्रमोद कुमार सिंह, सुदीप पांडेय, पवन कुमार ओझा, घनश्याम सिंह, हरेराम तिवारी, धूपचंद यादव, फुलेंदर सिंह, प्रभूनाथ पांडेय, अशोक सिंह, अखिलेश सिंह, राजकुमार रॉय, संतोष कुमार तिवारी, अश्विनी सिंह, जेएल कुशवाहा, कौशलेश मिश्रा, विवेक रंजन सिन्हा, रतिंद्र रॉय, राजू मिश्रा, रमेश त्रिपाठी, सुनील शुक्ला, पुष्पेंद्र मिश्रा, पंकज तिवारी, विजय दुबे, ब्रजेश पांडेय, राकेश सिंह, रविंद्र गुप्ता, विजय उपाध्याय, नीरज तिवारी, भीमसेन तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक संगठन के सदस्यों की बढ़ चढ़ कर उपस्थिति रही।

रानीसागर के पास हुआ भीषण हादसा



## दो ट्रेलर में भिड़ंत, एक की मौत, चालक फरार

**रायगढ।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीसागर के समीप रविवार की दोपहर को दो ट्रेलर में आमने सामने हुई जोरदार टक्कर से एक ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार यह हादसा रानीसागर ओवर ब्रिज में हुआ। जिसकी वजह से यातायात भी काफी प्रभावित हुई। वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृत वाहन चालक के शव को गाड़ी से निकाल कर अस्पताल के शव गृह में रखा गया। इस बारे में खरसिया थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि मृतक चालक संतोष सिंह निवासी पलामू के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। वहीं दुघर्टना कारित वाहन क्रमांक सीजी 13 यूएच 1945 का चालक फरार हो गया है। जिसकी पतासाजी की जा रही है। वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से उसके बारे में पता लगाने की कोशिश पुलिस द्वारा की जा रही है।

7- JAN Coriya-RAIGARG- Bhoomi pg-2_Layout 1 1/7/2024 8:34 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# प्लेन क्रैश में अभिनेता ओलिवर की दो बेटियों सहित मौत



**लॉस एंजेलिस।** अभिनेता क्रिश्चियन ओलिवर और उनकी दो बेटियों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार उनका विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद कैरेबियन सागर में गिर गया। ओलिवर, जॉर्ज क्लूनी के साथ द गुड जर्मन और 2008 की एक्शन-कॉमेडी स्पीड रेसर में बड़े पर्दे पर दिखाई दे चुके थे।

उनकी मौत की पुष्टि रॉयल सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस पुलिस फोर्स ने कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना के बाद मछुआरे, गोताखोर और तटरक्षक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, जहां से चार शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान 51 वर्षीय ओलिवर, उनकी दो बेटियां मदिता (10 वर्ष), एनिक (12 वर्ष) और पायलट रॉबर्ट सैक्स के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विमान गुरुवार दोपहर के तुरंत बाद ग्रेनाडाइन्स के एक छोटे से द्वीप बेक्विया से सेंट लूसिया की ओर जा रहा था। माना जा रहा है कि अभिनेता परिवार के साथ छुट्टियों पर थे। कुछ दिन पहले ओलिवर ने इंस्टाग्राम पर एक उष्णकटिबंधीय समुद्र तट की तस्वीर पोस्ट की थी और कैप्शन में लोगों को नए साल की बधाई दी थी। उन्होंने लिखा था, स्वर्ग में कहीं से शुभकामनाएं... कम्यूनिटी और प्यार के लिए...2024 हम यहां आए हैं।ओलिवर के करियर की बात करें तो वे 60 से अधिक फिल्म और टीवी शोज का हिस्सा रह चुके थे। जिसमें टॉम क्रूज की फिल्म वाल्किरी में एक छोटी भूमिका भी शामिल थी।

### टॉलीवुड

# नागा चैतन्य की 'थंडेल' के टीजर में गूंजा भारत माता की जय



**चेन्नई।** नागा चैतन्य बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'थंडेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अब इसके निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। कुछ ही समय पहले फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ, जिस पर लोगों ने दिल खोलकर प्यार लुटाया। वहीं, अब इसका टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में अभिनेता को एक मछुआरे के रूप में पेश किया गया है। यह लुक फैंस को उत्साहित कर रहा है। साथ ही नागा चैतन्य ने श्रीकाकुलम स्लैंग का भी सही इस्तेमाल किया है। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि नागा चैतन्य भारत के जलक्षेत्र को पार करके पाकिस्तान में पहुंच जाते हैं, जिसके लिए उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है। नागा चैतन्य अंततः कराची जेल में हैं, लेकिन इससे उनके आत्मविश्वास पर कोई असर नहीं पड़ता है। जब पाकिस्तानी अधिकारी भारत के बारे में गलत बातें करते हैं तो नागा चैतन्य कहते हैं कि पाकिस्तान तो भारत से अलग हुआ एक छोटा सा टुकड़ा है। इस झलक में नागा चैतन्य का भारत माता की जय कहना पूरी तरह से रोंगटे खड़े कर देने क्षण है। साई पल्लवी को अंत में दिखाया गया है, जो नागा चैतन्य की वापसी का बेसब्री से इंतजार करती हैं। निर्माताओं ने जबरदस्त दृश्यों, शानदार बैकग्राउंड और ठोस डायलॉग के साथ फिल्म के विषय को मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया। झलक से ऐसा प्रतीत होता है कि चंदू मोंडेती के निर्देशन में बनी यह फिल्म चैतन्य के करियर की एक ऐतिहासिक फिल्म होने वाली है। फिल्म का निर्माण बनी वास द्वारा किया जा रहा है।

'थंडेल' चैतन्य और साई पल्लवी के बीच उनकी 2021 की सफल रिलीज 'लव स्टोरी' के बाद दूसरे सहयोग का प्रतीक है।

### भोजपुरी

# जय संतोषी मां अब भोजपुरी में भी रिलीज को तैयार



**पटना।** हिंदी में साल 1975 में जय संतोषी मां रिलीज हुई थी और इसे काफी पसंद किया गया था. अब भोजपुरी में भी फिल्म का निर्माण हो रहा है।जी हां, रेणु विजय फिल्म एंटरटेनमेंट और प्राइड ऑफ एशिया फिल्म्स के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म 'जय संतोषी मां' की शूटिंग संपन्न हो गयी, जिसमें भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी, जय यादव, मनोज टाइगर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल,धर्मेंद्र के मेहरा और निर्देशक रवि सिन्हा हैं। रानी चटर्जी पहली बार निर्माता निशांत उज्जवल की फिल्म में नजर आने वाली है।इस फिल्म की शूटिंग पूरी भव्यता के साथ की गयी है। फ़ल्मि में संतोषी मा का किरदार कौन निभा रही है इस पर संस्पेंस है। निशांत उज्ज्वल ने बताया कि फिल्म 'जय संतोषी मां' एक पारिवारिक और धार्मिक कहानी से प्रेरित फिल्म है, जिसका निर्माण हम लोग वर्तमान समय के हिसाब से किया हैं। इस फिल्म में रानी चटर्जी की भूमिका बेहद अहम है वहीं जय यादव भी एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। निशांत ने आगे बताया कि हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म बनाएं जो मनोरंजन के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक समृद्ध विरासत से दर्शकों रूबरू हो सके। यह फिल्म एक घटना पर आधारित है जिसमें मां संतोषी की परंपरा महिमा को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी फिल्म की कहानी रिवील नहीं कर सकते लेकिन इतना तय है कि हम इस फिल्म के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। वही फिल्म की अभिनेत्री रानी चटर्जी ने कहा कि फिल्म 'जय संतोषी मां' को लेकर वह एक्साइटेड हैं। फिल्म में उनका महत्वपूर्ण किरदार है, जिसकी तैयारी उन्होंने खूब की है। रानी चटर्जी ने बताया कि फिल्म के संवाद और गाने भी इतनी शानदार होंगे कि दर्शक इसे खुद को जोड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को एक अलग ही अप्रोच के साथ बनाया गया है। मुझे फिल्म में काम करके खूब मजा आया है और यह फिल्म जब पर्दे पर रिलीज होगी तब दर्शकों को भी इसे खूब मनोरंजन मिलेगा।

निर्देशक रवि सिन्हा इंडस्ट्री के मंजे हुए निर्देशकों में से हैं उनके साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है।

---

## डायर विंटर का जलवा

> डायर ऑटम-विंटर 2023-2024 की फैशन के दीवानों के लिए खास अहमियत है। मारिया ग्राज़िया चिउरी के लिए इस फैशन शो में प्रत्येक कलेक्शन शरीर और फैशन के संबंध में कपड़ों का महत्व प्रतिबिंबित करने का अवसर है। न्यूयार्क में हर साल दो बार होने वाले इस फैशन शो की शुरूआत 1950 के दशक में हुई थी। तब से हर साल दुनिया भर के फैशन डिजाइनर और मॉडल यहां पहुंचते रहे हैं।



लाइफ स्टाइल

# सर्दियों में शादी अटेंड करने अपनाएं खास ड्रेस



फैशन

शादियों का सीजन सर्दी के मौसम में ही शुरू होता है। लड़के तो ठंड के मौसम में आराम से अपना कोट पैंट पहनकर सर्दी से बचाव कर लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है महिलाओं के सामने। दरअसल, शादी में ठंड चाहे जितनी भी हो, लेकिन उसमें भी महिलाएं स्वेटर पहनना या शॉल ओढ़ना पसंद नहीं करतीं। ऐसे में कई बार सर्द हवाओं से तबियत तक खराब होने की संभावना बनने लगती है। इसी के चलते इस मौसम में फैशन दिखाने के साथ-साथ ठंड के बचना भी बेहद जरूरी होता है।

### लहंगा या साड़ी के साथ पहनें फुल स्लीव

अगर आप शादी के दिन लहंगा या साड़ी पहन रहीं हैं तो उसके साथ फुल स्लीव ब्लाउज कैरी करें। फुल स्लीव ब्लाउज आपको सर्दी से बचाने में मदद करेगा। हालांकि इससे ज्यादा ठंड नहीं बचेगी, लेकिन थोड़ी राहत मिल सकती है।

### लहंगा-साड़ी के अंदर पहनें थर्मल

आप चाहें तो लहंगा या फिर साड़ी के साथ अंदर थर्मल पहन सकती हैं। ये आपको पूरी तरह ठंड से बचाने में मदद करेगा। इसके साथ ही इसे पहनने से आपका स्टाइलिश भी खराब नहीं होगा।

### एथनिक के साथ पहनें जैकेट

आजकल के समय में एथनिक वियर के साथ जैकेट्स पहनने का काफी ट्रेंड है। अगर आपको ज्यादा ठंड लगती है तो लहंगा या साड़ी के साथ आप जैकेट पहन सकती हैं। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा।

### ऐसे फुटवियर को चुनें

अगर आप अपने पैरों को कवर करके रखेंगी तो ठंड से बचाव हो सकता है। ऐसे में एथनिक वियर के साथ मोजरी जैसे फुटवियर का चुनाव करें, जोकि आगे से बंद हों। इसके साथ से लिए आपको मोजे भी मिल जाएंगे।

# हेयर वॉश करते हुए करें मेकअप रिमूवर के इस्तेमाल से मिलेगा लाभ

हेयर वॉश करते हुए शैम्पू का इस्तेमाल तो हम सभी करते हैं। लेकिन इस दौरान मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करने से आपको कुछ बेमिसाल फायदे मिल सकते हैं। जब भी हेयर केयर रूटीन की बात होती है तो सबसे पहले हेयर वॉश का नाम लिया जाता है। बालों की क्लीनिंग करना उसकी केयर करने का सबसे पहला स्टेप है। अमूमन बालों को क्लीन करने के लिए हम सभी अपने हेयर टाइप के अनुसार शैम्पू का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी बालों की क्लीनिंग के लिए मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल किया है।



सबसे पहले अपने बालों को अच्छी तरह गीला कर लें अब अपनी हथेलियों पर मेकअप रिमूवर लें ताकि आप हेयर वॉश कर सकें। अब अपने बालों व स्कैल्प पर इसे लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब अपने बालों को पानी की मदद से अच्छी तरह से धो लें। अब आप अपने बालों को रेग्युलर शैम्पू और कंडीशनर की मदद से क्लीन करें। अगर हेयर वॉश के दौरान मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल किया जाता है तो इससे आपको कई फायदे मिल सकते हैं। - समय के साथ बालों पर हेयरस्प्रे, जेल या मूस जैसे स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स जमा हो जाते हैं।

# इस तेल के इस्तेमाल से कमर तक लंबे हो सकते हैं बाल, जानें कैसे?

बालों को लम्बा करने के लिए आप घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं ऐसा तेल जो आपके बालों को कमर तक लम्बा करने में सहायता करेगा। साथ ही बताएंगे इसके फायदे। एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि बालों को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण बालों को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो बालों को हर तरह के इन्फेक्शन से बचाता है। सरसों का तेल बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर का काम करता है। बालों को नौरिश करने से लेकर फ्रीजीनेस को कम करने में सहायता करता है। सबसे पहले एक बाउल में बालों की लेंथ के अनुसार सरसों के तेल की निकाल लें। इसमें अब एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर मिला लें।



# पार्टी में ब्लैक की ख्वाहिश हो तो अपनाइए यह कलेक्शन



अगर आपको कहीं पार्टी में जाना है तो इसके लिए आप प्लाजो पैंट विद जैकेट को स्टाइल कर सकती हैं। माधुरी दीक्षित ने कुछ इसी तरीके का ट्राई किया है। इसमें फ्लोरल प्रिंट किया जता है, साथ ही इस कपड़े को शिमर चूज किया गया है ताकि जब कोई भी इसे पार्टी के लिए वियर करे तो वो सुंदर नजर आए। उनके इस लुक को तरंग अग्रवाल द्वारा तैयार किया गया है। आप भी इसी तरीके के आउटफिट्स को ट्राई कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर आपको ये 2000 से 2500 में मिलेगी।

नाइट पार्टी के लिए सोनाक्षी सिन्हा का ये लुक काफी अच्छा है। इसमें उन्होंने बॉडीकॉन शॉट ड्रेस को स्टाइल (इंडो वेस्टर्न आउटफिट्स) किया है। जिसमें मिरर वर्क जैसा पैटर्न डिजाइन किया गया है। इस ड्रेस में काफी स्टाइलिश और सुंदर नजर आ रही हैं। इसे आप ट्राई कर सकती हैं। उनके इस लुक को Tarang Agarwal द्वारा तैयार किया है। लेकिन आप मार्केट से जाकर इस तरह की ड्रेस की शॉपिंग कर सकती हैं। जिसे आप 1000 से 2000 में अच्छे डिजाइन के साथ खरीद सकती हैं।

### ब्लैक मैक्सी ड्रेस

कहीं घूमने जाने का प्लान है तो आप इस ब्लैक मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। ये बेस्ट और सबसे अच्छा (इयररिंग्स डिजाइंस) ऑप्शन है। इसमें आपको पूरे में छोटे-छोटे प्रिंट मिलेंगे। साथ में ऊपर नेक पर अच्छा काम मिलेगा। इसे आप स्टाइल कर सकती हैं ये काफी सुंदर लगती है और कम्फर्टेबल भी होती है आप इसके साथ चाहे तो स्नीकर्स को स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस बार ब्लैक ड्रेस के इन ऑप्शन को ट्राई करें आप काफी सुंदर और सबसे अलग नजर आएंगी।

# क्रॉप्ड पैंट पहनने का क्या है सही स्टाइल जानिए जरूरी टिप्स, पाइए परफेक्ट लुक

फैशन पर सिर्फ महिलाओं की समझ और पसंद को जरूरी नहीं माना जा सकता है। पुरुषों के स्टाइल का भी अपना अलग एक पैमाना है।

इस पैमाने पर खरा उतरने के लिए पुरुषों को भी कई सारे नियम-कायदे ध्यान रखने होते हैं। ताकि वो परफेक्ट दिखें और फैशन की दुनिया में पीछे न रह जाएं।

इसलिए फैशन को अपनाइए और क्रॉप्ड पैंट पहनने का सही तरीका जानिए। वही क्रॉप्ड पैंटन जो नीचे से थोड़ी ऊंची और पसंद के मुताबिक थोड़ी टाइट भी होती है।

इस पैंट को यूंहीं खरीद कर पहन लेने की सोचिएगा भी नहीं क्योंकि इसको पहनने का एक खास तरीका होता है। सबसे पहले तो इसी सवाल का जवाब जानिए कि पैंट ऊंची हो तो कितनी? इसका जवाब है ये पेंट जूतों से 3 इंच ऊपर होनी चाहिए और मिड काल्फ से नीचे भी। अब सवाल ये है कि इन पैंट की फिट को कितना स्लिम या वाइड होना चाहिए?



इसके लिए आपको अच्छे फिट वाली स्किनी या स्लिम कट जींस पहननी चाहिए। लेकिन मूवमेंट के लिए इसमें जगह होनी चाहिए। अब इस पैंट को स्टाइल करने की बात करते हैं तो आपको इनमें नेवी, ब्लैक और सफेद रंगों का चुनाव करना चाहिए। इसके अलवा अगर आप कोई और रंग चुनते हैं तो रॉयल ब्लू, बरगंडी वगैरह चुने जा सकते हैं।

इन पैंट के साथ जूते चुनते हुए भी सावधानी बरतें। इनके साथ ऐसे जूते पहनें, जिनमें मोजे पहने बिना काम चल जाए। या फिर आप बिना मोजों के ही जूते पहनें। इसके साथ आप स्लिप स्टाइल के जूते पहन लें, वो आपके लुक को बेस्ट बना देंगे। लेस अप केनवास शू का चुनाव भी अच्छे रहेगा। क्रॉप्ड पैंट को ब्लेजर के साथ पहनना भी स्टाइल से जुड़ा जरूरी और बेहतरीन निर्णय हो सकता है।

## कार्नर न्यूज

## सर्द मौसम में फैशन के लिए परफेक्ट च्वाइस जरूरी

# अधूरे विंटर फैशन को कहें बाय-बाय, स्वेटर- जैकेट के अलावा इन चीजों को पहनकर पाएं कंप्लीट लुक

*सर्दी का मौसम स्टाइलिश बनाने का काम भी करता है, यदि आप फैशन के मामले में खुद को आगे रखना पसंद करते हैं। इस दौरान एक नहीं कई प्रकार के विंटर आउटफिट्स को पहन सकते हैं। जबकि हम गर्मी के मौसम में चाहकर भी एक से अधिक कपड़े नहीं पहन पाते। लेकिन सर्दी में ये समस्या नहीं है। इसके बावजूद भी कई लोगों का विंटर फैशन अधूरा रह जाता है। हालांकि वे इस बात को जान पाते हैं या नहीं, यह बता पाना मुश्किल है। लेकिन यदि आप अनजाने में विंटर फैशनको अधूरा छोड़ रहे हैं तो यहां पर कुछ बातों को जान लें। इनके जरिए अपने विंटर वार्डरोब को रिफ्रेश कर सकते हैं।*



### हूडेड श्रग किसके साथ पहनें

हूडेड श्रग के साथ लेयरिंग करना मुश्किल काम नहीं है। किसी प्लेन टी-शर्ट के साथ ऐसे श्रग को पहन सकते हैं। इस तरह के श्रग के साथ कभी वी या राउंड नेक टी-शर्ट पहन सकते हैं। इसके अलावा सॉलिड कलर स्वेटर भी पहन सकते हैं। इसको स्वेटशर्ट, हाईनेक स्वेटर इत्यादि के साथ न पहनें। इसके साथ अपना पसंदीदा स्नीकर पहन सकते हैं।

**ट्रेंच कोट :** सर्दी के मौसम में हॉट दिखने के लिए कुछ इस तरह की ड्रेस को ट्राय करें। ट्रेंच कोट विंटर लुक को किलर बनाने का काम करता है। यकीनन इस तरह की ड्रेस के आगे बाकी सब फीके पड़ जाएंगे।

अगर आप केवल सिंपल कोट, जैकेट, ब्लेजर आदि पहनते हैं तो फिर एक बार ट्रेंच कोट को विंटर वार्डरोब में शामिल करें। इस तरह के कम से कम एक कोट को अपने लिए जरूर रखें।

**ट्रेंच कोट कैसे पहनें? :** इसको चेक्ड शर्ट और ब्लैक शर्ट के साथ पहन सकते हैं। इसके अलावा आप इसे सॉलिड कलर की स्वेटशर्ट, जंपर्स और टी-शर्ट के साथ लेयरिंग कर सकते हैं।

**कार्डिगन :** कार्डिगन का नाम आने पर आपके दिमाग में क्या लेडिज वियर की बात आई। अगर हां तो हम आपको बता दें कि विंटर में आपके लिए भी कार्डिगन पहनना काफी दिलचस्प हो सकता है। इसे भले ही रेगुलर नहीं पहन सकते हैं लेकिन विंटर पार्टी वियर्स के लिए पहनें। शॉल कॉलर कार्डिगन क्लासी लुक के लिए सही होते हैं। इसके साथ लेयरिंग करना सही हो सकता है।

**कैसे पहनें कार्डिगन :** कार्डिगन को ट्राउजर्स और जींस के साथ पहन सकते हैं। इसके साथ जंपर्स या टी-शर्ट पहनना सही हो सकता है। इससे आपका विंटर लुक परफेक्ट दिखेगा। इसे किसी भी हाइट के लड़के पहन सकते हैं। इसके साथ स्नीकर्स को पहनना सही होगा। विंटर सीजन में कई प्रकार के कैप होते हैं। मगर अधिकतर लोग एक ही टाइप के विंटर कैप में दिखाई देते हैं।



7- JAN Coriya-RAIGARG- Bhoomi pg-3_Layout 1  1/7/2024  8:23 PM  Page 1





# 'फाइटर' के नए गाने का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सिद्धार्थ आनंद की मचअवेटेड फिल्म 'फाइटर' को लेकर गजब का बज बना हुआ है। दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की इस इस एरियल एक्शन फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म के थीम सॉन्ग 'हीर आसमानी' का टीजर जारी किया है। जोश और जज्बे से भरपूर इस गाने का टीजर बेहद दमदार नजर आ रहा है, जहां दीपिका और रितिक का जलवा देखने को मिल रहा है। वहीं देशभक्ति के जुनून से भरपूर ये गाना हमारे देश की सुरक्षा में लगे फाइटर पायलटों को समर्पित है।

## लाइफ Style

# श्रद्धा ट्रेडिशनल लुक में आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई



पद्मिनी कोल्हापुरे और प्रदीप शर्मा के बेटे प्रियांक शर्मा और उनकी पत्नी शजा मोरानी जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। हाल ही में कपल की गोदभराई सेरेमनी हुई थी। इस दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर भी अपने कजिन ब्रदर की खुशियों में शामिल होती हुई नजर आईं।

इस खास मौके की कई तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। प्रियांक शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की एक सीरीज पोस्ट की है जिसमें न केवल श्रद्धा कपूर बल्कि प्रियांक की मां, पद्मिनी कोल्हापुरे और शाज़ा मोरानी की बहन ज़ोआ भी शामिल नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में श्रद्धा कपूर को प्रियांक और शजा के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है। गोदभराई के मौके पर शज़ा और प्रियांक ने शाइनी पिंक कलर के आउटफिट पहने थे। मॉम टू बी शजा अट्रैक्टिव ज्वैलरी के साथ साटन की साड़ी में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती हुई नजर आईं। वहीं प्रियांक ने भी ट्विनिंग करते हुए कुर्ता-पायजामा पहना था।

वहीं श्रद्धा के लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने अपने कजिन ब्रदर और भाभी की गोदभराई फंक्श नके लिए ट्रेडिशनल लुक कैरी किया था। श्रद्धा ने लेमन कलर की अनारकली ड्रेस पहने हुई थी और वे काफी प्यारी लग रही थीं। उन्होंने अपनी नाक में नथ, झुमका और बालों का जूड़ा बनाकर अपना लुक कंप्लीट किया था। इस दौरान एक्ट्रेस ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रोमी ब्री को कर रहे हैं डेट

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर जो जोनस ने बीते साल 2023 में हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सोफी टर्नर से अपनी राहें अलग की। अब लगता है कि सोफी से तलाक के बाद प्रियंका चोपड़ा के जेठ जो जोनस की अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए हैं। जो जोनस की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हुई है। सिंगर इस समय एक्ट्रेस स्ट्रोमी ब्री को डेट कर रहे हैं। ऐसी खबरें जो जोनस की स्ट्रोमी ब्री संग तस्वीरें सामने आने के बाद वायरल हो रही हैं। सामने आईं तस्वीरों में दोनों को स्की आउटिंग एंजॉय करते देखा जा सकता है।



# बेटी संग न्यूयॉर्क में स्पॉट हुई एंजेलिना...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस एंजेलिना जोली अपने लुक्स को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। एक्ट्रेस को जब भी पब्लिक प्लेस पर स्पॉट किया जाता है तो वह अपने फैशन से लोगों का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में एंजेलिना जोली को बेटी जाहारा के साथ न्यूयॉर्क में स्पॉट हुईं, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एंजेलिना जोली ब्लैक लॉन्ग कोट और जींस में स्टाइलिश दिखीं। हसीना ने इस दौरान लैदर ब्लैक शूज पेयर किए थे। मिनिमल मेकअप, ब्लैक ओवर साइज्ड शेड्स एंजेलिना जोली के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। वर्क की बात करों तो एंजेलिना ने हाल ही में निर्देशक और निर्माता के रूप थ्रिलर विदाउट ब्लड का काम पूरा किया है।



# सिंघम-3 में श्वेता बनेंगी खुफिया अधिकारी

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। अब श्वेता रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म 'सिंघम अगेन' में दिखाई देंगी। 'सिंघम 3' में श्वेता तिवारी खुफिया अधिकारी के रोल में दीपिका पादुकोण के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्वेता तिवारी सिंघम अगेन में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाएंगी। श्वेता तिवारी का कहना है कि रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है और जब उन्हें सिंघम अगेन के लिए उनकी टीम से कॉल आया, तो वह बहुत एक्साइटेड हुईं। श्वेता ने कहा, रोहित सर ने मुझसे कहा कि वह मुझे तभी दूसरा प्रोजेक्ट देंगे, जब मुझे इंडियन पुलिस फोर्स के सेट पर हर रोज खाना लाकर खिलाएंगी। लेकिन इसके बिना ही उन्होंने अपनी अगली फिल्म का ऑफर कर दिया।



# अजय ने शुरू की रेड-2 की शूटिंग

**मुंबई।** अभिनेता अजय देगवन ने सरप्राइज दिया है और बताया कि अपनी एक और फिल्म के सीक्वल की शूटिंग शुरू कर दी है। 2018 में ब्लॉकबस्टर हुई 'रेड' की सफलता के बाद एक बार फिर से अजय और डायरेक्टर राजकुमार गुप्ता साथ आए हैं। 'रेड 2' के पोस्टर के साथ ही बताया कि इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक एक बार फिर से वापस आ गया है। फिल्म में सच्ची कहानी को दिखाया जाएगा जैसा कि पार्ट वन में भी था। अजय देगवन ने शनिवार से फिल्म रेड 2 की शूटिंग मुंबई में शुरू कर दी है। इसे मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में शूट किया जाएगा। फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और कृष्ण पाठक हैं। पोस्टर में केवल पैर दिखाया गया है। फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला




# अनुपमा ने की वापसी, पंड्या स्टोर की टॉप-5 में एंट्री...

**मुंबई।** रूपाली गांगुली, गौरव खन्ना स्टारर टीवी शो टॉप पर वापस आ गया है। एक समय राज करने वाली अनुपमा, जो कुछ समय के लिए अपनी रैंक खो चुकी थीं, फिर से टॉप पर हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है, इमली और अन्य शो टीआरपी चार्ट पर शानदार रैंक हासिल कर रहे हैं। कुछ शो ने सचमुच दर्शकों को हैरान कर दिया है। अनुपमा ने एक बार फिर से बाजी मार ली है। इस शो को 2.6 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन की टीआरपी मिली है। शक्ति अरोड़ा, भाविका शर्मा और सुमित सिंह स्टारर टीवी शो गुम है किसी के प्यार में अब दूसरे स्थान पर है। इसे 2.4 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन मिले हैं। ऐसा लगता है कि जिस तरह से नए ट्विस्ट के साथ कहानी में बदलाव किया गया है वह फैंस को पसंद नहीं आ रहा है। शहजादा धामी, समृद्धि शुक्ला, प्रतीक्षा होनमुखे और रोहित खजूरिया स्टारर टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है, टीआरपी चार्ट पर दिल जीत रहा है। साई केतन राव और अद्रिजा रॉय स्टारर इमली शो में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। काफी समय बाद पंड्या स्टोर ने टॉप 5 में एंट्री की है। 2.0 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन की रेटिंग के साथ यह पांचवें स्थान पर है। इसमें रोहित चंदेल और प्रियांशी यादव मुख्य भूमिका में हैं। प्रियांशी और रोहित की केमिस्ट्री फैन्स को खूब पसंद आ रही है।

## अस्पताल में भर्ती 'कोमोलिका



**मुंबई।** टीवी की कोमोलिका उर्वशी ढोलकिया की तस्वीरों ने उनके चाहने वालों की चिंता बढ़ा दी है। उर्वशी अस्पताल के बेड पर लेटी दिखीं। उनके बेटे क्षितिज ने अस्पताल से वीडियो पोस्ट किया। एक्ट्रेस को गर्दन में ट्यूमर (सिस्ट) की वजह से सर्जरी करानी पड़ी है। उनकी सर्जरी सफल रूप से हो गई है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिनों तक आराम की सलाह दी है। उर्वशी मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती हैं। उर्वशी ने एक बयान जारी कर कहा कि मुझे सर्जरी करानी पड़ी क्योंकि दिसंबर 2023 की शुरुआत में गर्दन में ट्यूमर का पता चला था। मेरी सर्जरी सफल रही है और अब मुझे 15 से 20 दिनों तक आराम की सलाह दी गई है। उर्वशी ने हाल ही में अनुज सचदेवा के साथ अपने तलाक पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि 18 साल की उम्र में तलाक के बाद उन्हें कभी सच्चा प्यार नहीं मिला।

# नहीं थम रही सालार की आंधी, बढ़ रही 700 करोड़ के क्लब की ओर



**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'सालार' बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। कुछ दिनों पहले 'सालार' 600 करोड़ के आंकड़े को पार चुकी है और अब ये 700 करोड़ क्लब की ओर तेजी से बढ़ रही है। भारत के साथ-साथ विदेशों में भी फिल्म हर दिन करोड़ों में कमाई कर रही है। खबर के मुताबिक अब तक प्रभास की फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 667.59 करोड़ रुपए का टोटल बिजनेस कर लिया है।

# अब ओटीटी पर स्ट्रीम होगी सलमान - कैट की टाइगर- 3




**मुंबई।** 'टाइगर 3' साल 2023 में रिलीज हुई थी। सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर इस फिल्म को भी दर्शकों से काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। अब ये फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। 'टाइगर 3' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। हालांकि अभी 'टाइगर 3' की ओटीटी रिलीज डेट रिवील नहीं की गई है।

# अपकमिंग फिल्म मेरी क्रिसमस के प्रमोशन में जुटी कैटरीना



**मुंबई।** एक्ट्रेस कैटरीना कैफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मेरी क्रिसमस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। रिलीजिंग से पहले वह फिल्म की जमकर प्रमोशन करती नजर आ रही हैं। इसी बीच प्रमोशन के सिलसिले में कैटरीना को बांद्रा में स्पॉट किया गया, जहां वह पैपराजी को जमकर पोज देती नजर आईं। कैटरीना की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।

# वकील-पुलिस से भ्रष्टाचारी तक, दिलों दिमाग में ओम पुरी के अमिट अभिनय की छाप...



**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के शानदार कलाकारों में एक नाम ओम पुरी का भी है। 6 साल पहले 6 जनवरी के दिन सिनेमा ने एक उम्दा कलाकार ओम पुरी को हमेशा के लिए खो दिया था। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन अपनी यादगार परफॉर्मेंस के लिए वह हमेशा याद किए जाएंगे। ओम राजेश पुरी उर्फ ओम पुरी को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। हीरो से लेकर विलेन और कॉमेडियन तक, एक्टर ने पर्दे पर ऐसी-ऐसी भूमिकाएं निभाईं, जो दर्शकों के दिलों-दिमाग पर हमेशा के लिए छप गए।

***1982 में मिला था पहला नेशनल अवॉर्ड*:** 'आरोहण' (1982) की कहानी ओम पुरी द्वारा निभाए गए हरि के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक गरीब किसान है और जमींदार की क्रूरता का शिकार होता है। फिल्म को आलोचकों द्वारा काफी सराहा गया और इसने उन्हें बेस्ट एक्टर की कैटेगरी में अपना पहला नेशनल अवॉर्ड दिलाया। कॉप-ड्रामा 'अर्ध सत्य' (1983) ओम पुरी के करियर की वो फिल्म है, जिसने उन्हें लगातार दूसरी बार नेशनल अवॉर्ड दिलाया था। फिल्म में एक ईमानदार पुलिस बने ओम पुरी ने अपने किरदार से दर्शकों का दिल जीत लिया था। 'अर्ध सत्य' में जहां ओम पुरी ने एक ईमानदार पुलिस की भूमिका निभाई थी, वहीं इसी साल रिलीज हुई 'जाने भी दो यारो' (1983) में उनका कैरेक्टर एकदम उल्टा था। इस फिल्म में अभिनेता ने एक भ्रष्टाचारी व्यापारी का किरदार निभाया था। एक डार्क कॉमेडी मूवी में ओम पुरी के कैरेक्टर ने लोगों का ध्यान खींचा था।

## साइड रोल में लूटी लाइमलाइट

सनी देओल स्टारर 'घायल' में ओम पुरी ने साइड रोल करके भी लाइमलाइट चुरा ली थी। फिल्म में ओम पुरी ने एसीपी डिसूज़ा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के लिए ओम पुरी फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेटेड थे। 'गुप्त' (1997) में ओम पुरी ने इंस्पेक्टर उधम सिंह का किरदार निभाया था। इस फिल्म के लिए भी ओम पुरी फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में सपोर्टिंग कैरेक्टर के लिए नॉमिनेट हुए थे।

## 66 साल की उम्र में कहा दुनिया को अलविदा

6 जनवरी 2017 वो मनहूस घड़ी थी, जब 66 साल की उम्र में हार्ट अटैक की वजह से ओम पुरी का निधन हो गया था। गोविंद निहलानी के निर्देशन में बनी 'आक्रोश' साल 1980 की बेहतरीन फिल्म रही। इस फिल्म ने बेस्ट फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड अपने नाम किया था। फिल्म में भीकू बने ओम पुरी ने एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया था, जिस पर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप था। इस फिल्म ने ओम पुरी को अपना पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड दिलाया।

# रोमांचक प्रोजेक्ट की तलाश में भूमि



**मुंबई।** एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी शुरुआत करने के लिए एक अच्छे प्रोजेक्ट की तलाश में हैं। भूमि के अब तक के काम से साबित होता है कि वह आज भारत की सबसे डिसरप्टिव अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह केवल और केवल तभी स्ट्रीमिंग के लिए कदम उठाएंगी जब कोई बेहद रोमांचक प्रोजेक्ट उनके पास आएगा। वह कहती हैं, विश्व स्तर के साथ-साथ भारत में भी स्ट्रीमिंग कंटेंट का स्तर अविश्वसनीय है। मैं पिछले कुछ समय से डिजिटल क्षेत्र में कदम रखने के बारे में सोच रही हूं, लेकिन मैं इस बात को लेकर स्पष्ट हूं कि स्ट्रीमिंग पर मेरी शुरुआत कुछ ऐसी होनी चाहिए, जो रोमांचक हो और मेरे द्वारा की गई सभी अविश्वसनीय फिल्मों से अलग हो।

## खबर संक्षेप



### विखं स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रायगढ़।** तीन दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज विकासखण्ड पुसौर के ग्राम तुरंगा में हुआ। सर्वप्रथम खेल की शुरुआत स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि गुरूकुल तुरंगा मठ के आचार्य राकेश स्वामी के द्वारा खिलाडियों को शुभकामनाएं दी गई और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए हम हमेशा आप सभी के सेवा के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में इंसान के साथ तमाम कोशिशों के बाद भी हार जीत लगी रहती है। खेल को हमेशा खेल भावना से ही खेलना चाहिए। इससे किसी और की जीत होने पर मन में बुरे भाव पैदा नहीं होते। रत्थू गुप्ता ने मंच के माध्यम से कहा कि आगामी समय में खेल के लिए इस गांव के मैदान में मंच बनवाया जाएगा। इस दौरान विधायक खरसिया उमेश पटेल ने कहा कि सभी बच्चे खेल भावना से खेल खेलें व आपसी सौहाद्र्र बनाए रखें। इस खेल में विकास खण्ड के कुल दस जोन के बच्चे सहभागिता निभा रहे हैं । आज के खेल में प्राथमिक व माध्यमिक शाला के बालक बालिकाओं का 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ के साथ-साथ रिलेरेस, रस्सी दौड़, चम्मच दौड़, घड़ा दौड़ए सामान्य ज्ञान, पठन कौशल, लेखन कौशल, पाहड़ा आदि सम्पन्न हुए। इस मौके पर युधिष्ठिर प्रधान, डोलेश्वर गुप्ता, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल, बीआरसी शैलेन्द्र मिश्रा, प्रदीप कुमार शाहनी, एस कुमार सारथी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### परीक्षा पर चर्चा के लिए पीएमओ भेजें सवाल

**रायगढ़।** परीक्षा का नाम सुनते ही मेधावी सचेत और कमजोर छात्र घबराने लगते हैं। परीक्षा चाहे किताबी ज्ञान की हो या जीवन सभी के लिए एक चुनौती होती है। सरस्वती शिक्षा संस्थान ने परीक्षा से जुड़े इस मर्म को समझते हुए छात्र छात्राओं के पेरेंट्स से अधिक से अधिक जिज्ञासाओं पर आधारित सवाल बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजने की प्रेरणा दी है। सशिसं के संस्कार श्रीवास्तव ने परीक्षा के महत्व के संबंध में बताया कि प्रेमचंद ने परीक्षा पर गद्य लिखा है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना पुसौर क्षेत्र अंतर्गत साइबर सेल और थाना पुसौर की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम रैबार के पुराने डामर फैक्ट्री के पास आरोपी दीनदयाल पिता यादराम उम्र 40 साल निवासी ग्राम रैबार को बॉटल और जरकीन में रखे कुल 6.5 लीटर महुआ शराब कीमती 650 रूपए के साथ पकड़ा गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि डामर फैक्ट्री रोड़ पर एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। पुलिस ने छापा मारकर दीनदयाल कुर्रे को अवैध शराब के साथ पकड़कर आबकारी नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की।

## निधन

### अजय साव



**रायगढ़।** शहर के एमजी रोड संजय काम्प्लेक्स के ऊपर गली में रहने वाले मुन्ना साव के पुत्र अजय साव उर्फ बंटी का 29 वर्ष की उम्र में 6 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 8.30 बजे कयाघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी व एक 7 साल का पुत्र सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए। वे काफी हंसमुख व मिलनसार युवक थे। उनके निधन से मोहल्ले में शोक की लहर है।

### केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड सामुदायिक भवन एवं गोरखा में शिविर का आयोजन

# शिविर में 5 हजार लोगों ने लिया विकसित भारत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते सप्ताह दो पालियों में नगर में संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। पहली पाली में केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड सामुदायिक भवन एवं दूसरे पाली में गोरखा स्कूल में विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन हुआ। दोनों ही शिविर में 2000 से ज्यादा लोगों ने सेल्फी ली और 4500 से ज्यादा लोगों ने विकसित भारत बनाने योगदान करने का संकल्प लिया। कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड सामुदायिक भवन में सुबह 9 बजे से शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में विकसित भारत वैन स्थापित किया गया था। इसमें आने वाले कुछ सालों में जो योजना लागू हुई है और जिसमें सफलता मिली है उसे एल ई डी के माध्यम से बताया जा रहा था।

कैंप में निगम के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण, टीवी स्क्रीनिंग बीपी शुगर की जांच कैंप सहित निगम से संबंधित पीएम मोर जमीन मोर मकान, मोर मकान आस, राशन कार्ड बनाने, आधार कार्ड सुधरवाने, डे एनयूएलएम महिला स्व सहायता समूह को जोड़ने एवं निगम से संबंधित पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के स्टाल लगाए गए थे। इसी तरह निगम क्षेत्र अंतर्गत बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, सफाई से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। सभी स्थलों में शिविर शुरू होने के साथ ही लोगों की भीड़ लग गई थी। दोनों ही कैंप में पीएम विश्वकर्म योजना, पीएम स्व निधि योजना पीएम मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के स्टालों में ज्यादातर लोगों की भीड़ कैंप समाप्त होने तक लगी रही। कैंप में लोगों ने पूछ परख की और विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए। इसी तरह जिन हितग्राहियों के पास जैसे आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं थे, फॉर्म देकर निगम में जमा करने की बात कही गई। केवड़ा बाड़ी के शिविर में 2200 से ज्यादा लोगों ने पहुंच कर विभिन्न योजनाओं के फार्म लिए। इसी तरह गोरखा के कैंप में चौक स्थित कैंप में विभिन्न योजनाओं के 2400 लोगों ने फॉर्म लिया और दस्तावेज होने पर तत्काल जमा भी किया। इसी दोनों ही शिविर में 900 से ज्यादा लोगों ने फार्म लिए और दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी और उपस्थित जनसमूह ने विकसित भारत बनाने योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती जानकी काटजू, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पूनम दिवेश सोलंकी, पंकज कंकरवाल, सुरेन्द्र पांडे उपस्थित थे।



शिविर में हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी।

# ट्रांसपोर्टरों ने खोला मोर्चा काम बंद करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

एसईसीएल की कोयला खदानों से कोल ट्रांसपोर्टिंग करने वाले ट्रांसपोर्टरों में प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर नाराजगी है। ट्रांसपोर्टर यूनियन ने लोडिंग के लिए जाने वाले रास्ते की मरम्मत कराने के साथ खदानों के पास समुचित पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित शौचालय की व्यवस्था नहीं किए जाने की शिकायत लेकर एसईसीएल मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे थे।

- लोडिंग पाइंट दुरुस्त करने मार्ग मरम्मत कराने की मांग

ट्रांसपोर्टर यूनियन के सदस्यों का आरोप है की मुख्य महाप्रबंधक ने उनकी समस्याओं का निराकरण करने के बजाय वे ट्रांसपोर्टर यूनियन के सदस्यों को धमकी भरे लहजे में दो.तीन महीने के बाद कोल ट्रांसपोर्टिंग रेलवे से कराने की चेतावनी दे दी। जिसे लेकर कोल ट्रांसपोर्टर यूनियन ने सोमवार को बाइक रैली निकालकर विरोध स्वरूप एसईसीएल रायगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक का पुतला दहन करने का निर्णय लिया है। कोल ट्रांसपोर्टर यूनियन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि रायगढ़ एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक को बीते 29 दिसंबर को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में मुख्य महाप्रबंधक से सभी कोयला खदानों में समुचित पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था करने के साथ कोयला लोडिंग पॉइंट के रास्तों की मरम्मत कराने की मांग की गई थी। जिसे गंभीरता से नहीं लिए जाने की स्थिति में आज कोल ट्रांसपोर्टर यूनियन के अध्यक्ष, सचिव सहित यूनियन के 20-25 सदस्य एसईसीएल रायगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे थे। ट्रांसपोर्टर यूनियन का आरोप है की मुख्य महाप्रबंधक पहले तो किसी से मिलना नहीं चाह रहे थे, लेकिन बाद में वह वार्ता के लिए तैयार हुए और मिलते ही उन्होंने ट्रांसपोर्टर यूनियन के सदस्यों को धमकी भरे लहजे में चेतावनी दी।

जहां तक कोल डिस्पैच की बात है दो-तीन महीने के बाद कोयला रेलवे से ट्रांसपोर्टिंग कराने की बात कहते हुए चेतावनी दी की कोल ट्रांसपोर्टर अब तय कर लें की वे अपनी गाड़ी कहां चलाएंगे।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के आरोग्यम सभाकक्ष में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएन मण्डावी के निर्देशन में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन डब्ल्यूएचओ के जोनल क्वार्डीनेटर डॉ. स्नेहा श्री की उपस्थिति में आयोजित हुआ। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टीजी कुलवेदी ने राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा ली एवं फरवरी माह में होने वाले विशेष कार्यक्रम फाईलेरिया सामुहिक दवा सेवन कार्यक्रम की जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार 10 फरवरी से 28 फरवरी को फाईलेरिया दवा सेवन कार्यक्रम के तहत हांथीपांव की दवाई खिलाई जानी है, जिसमें दिनांक 10 से 15 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल, कालेज, तकनीकी संस्थानों, के साथ साथ सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बूथ लगाकर हांथीपांव की दवा खिलाई जाएगी। साथ ही 16 से 25 फरवरी तक गृह भेट कर घर-घर जाकर दवा सेवन एवं शेष छुटे हुए व्यक्तियों को मॉप-अप राउंड में 26 से 28 फरवरी तक दवा का सेवन कराया जाएगा। यह कार्यक्रम कुल 19 दिवस का होगा जिसमें जनसंख्या के 100 प्रतिशत आबादी में से 85 प्रतिशत आबादी लक्षित आबादी होती है उनको दवा सेवन कराने पर विशेष जोर दिया गया। 15 प्रतिशत आबादी जिनको दवा सेवन से वंचित रखा गया है उसमें मुख्य रूप से डीईसी दवाई हेत 0 से 2 वर्ष तक के बच्चेए ईवरमेक्टिन दवा हेतु 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे, अति गंभीर पीडित व्यक्तियों, इसमें गर्भवती महिला, स्तनपान कराने वाली महिला, गंभीर बीमारी से पीडितों को दवा न दिया जाए।

**दवा सेवन कार्यक्रम के बारे में दी गई जानकारी**

कार्यक्रम में दवाईओं की खुराक के बारे बताया गया जिसमें 8 गोलियों के सेवन कैसे किया जाए और इसका शरीर में क्या दुष्प्रभाव हो सकता है। डॉ कुलवेदी ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में छग राज्य के रायगढ जिले के साथ साथ 5 अन्य जिले में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। फाईलेरिया दवा सेवन कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अन्य विभागों से समन्वय कर सहयोग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आम जनता को एक संदेश के माध्यम से सामूहकि दवा सेवन के बारे में बताने हेतु प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### संकल्प यात्रा में सभी को लाभ दिलाने का लक्ष्य

**सारंगढ़।** शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा से अथक प्रयास किया जा रहा हैए जिससे लोग जागरूक हों और समस्त प्रकार के योजनाओं का लाभ ले सकें। इस यात्रा को 26 जनवरी तक गांव गांव शहर शहर पूरे देश में ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम कुम्हारी व सरायपाली में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम लिमगांव, खम्हारपाली, दबगांव व खोखसीपाली में और बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम सलिहा, धौराभांठा पिपरडुला, झुमका, करियाटार, रामतला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। महिलाओं ने स्वागत में रंगोली बनाई कलश स्थापना की और सामूहिक आरती भी की। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य स्टाल में इलाज कराए और दवा लिए। प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती कहे पुकार के से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। यात्रा में प्रशासन के अलावा ग्रामीण भी मौजूद थे।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम : कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय भी बैठक में उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 की स्थिति में संपन्न होना है। जिसके तहत एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी से किया जाएगा एवं दावा आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 6 से 22 जनवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। 13 एवं 14 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नाम जोडऩे,संशोधन एवं विलोपन का कार्य होगा। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर श्री गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी अंतर्गत 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मतदान केन्द्रों में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र में अविहित अधिकारी कार्यालयीन समय पर मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे।



पुनरीक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते कलेक्टर कार्तिकेय गोयल।

कलेक्टर श्री गोयल द्वारा यह भी जानकारी दी गयी कि वोटर हेल्पलाइन ऐप अथवा के माध्यम से ऑनलाईन फॉर्म भर सकते हैं। सभी राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध कराने को कहा ताकि पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल एजेंट से आवश्यक सहयोग लिया जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही नहीं की गई है। वर्तमान में जिले के 4 विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित 1085 मतदान केन्द्रों में ही लोकसभा निर्वाचन 2024 कराया जाना है। कलेक्टर श्री गोयल ने राजनीतिक दलों को कम वोटिंग प्रतिशत वाले स्थानों की जानकारी देते हुए ऐसे स्थानों से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम विलोपन एवं 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नये मतदाताओं के नाम जुड़वाने में बूथ लेवल एजेंट के सहयोग प्रदान करने की बात कही। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 रायगढ़ है। जिसके अंतर्गत कुल 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल है।

# अभा अघरिया समाज का नववर्ष मिलन समारोह



**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र तमनार की निर्वाचन संबंधी आवश्यक बैठक नववर्ष मिलन समारोह सामाजिक भवन तमनार में दिनांक 6 जनवरी शनिवार को दुर्योधन पटेल की अध्यक्षता में रखा गया।

बैठक में अभा अघरिया समाज क्षेत्र तमनार के निर्वाचन हेतु केंद्रीय मीडिया प्रभारी दुलेंद्र पटेल द्वारा केंद्रीय समिति द्वारा निर्देशित नामांकन नाम वापसी एवं निर्वाचन तिथि क्षेत्रीय निर्वाचन संबंधी जानकारियों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व केंद्रीय प्रतिनिधि के सम्बंध में बताया गया। क्षेत्रीय पदाधिकारियों सामाजिक बंधुओ से चर्चा परिचर्चा कर 21 जनवरी को नामांकन नाम वापसी एवं 28 जनवरी को निर्वाचन कराने सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। सामाजिक अचार संहिता परिपालन नही करने वालो की निंदा करते सामाजिक संगठन से निलम्बन करने केंद्रीय समिति को अवगत कराया जाएगा। विधायक निधि से सामाजिक भवन के ऊपर भाग में अविलम्ब निर्माण करने हेतु चर्चा परिचर्चा किया गया। केन्द्रीय समिति द्वारा अघरिया धाम पैता हेतु दान संकलन राशि हेतु अधिक से अधिक दान सहयोग राशि देने आग्रह किया गया। दान सहयोग करने वाले सामाजिक बंधुओ को सम्मानित किया गया। बैठक में दुर्योधन पटेल, दिनेश चौधरी, यादलाल नायक,धनी राम चौधरी, दुलेंद्र पटेल, हेमलाल पटेल, ईश्वर नायक, सीताराम चौधरी आदि मौजूद रहे।

# स्वयंसेवक दे रहे स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश




**रायगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्कूली छात्र-छात्राएं गांव की गलियों में रैली निकाल कर अल सुबह 5 से 6 के बीच उठ जाग मुसाफिर भोर भाई अब रैन कहां जो सोवत है। गाते हुए गुजरते है तो जिज्ञासा वश ग्राम ठकुरपाली के हर घर से लोग दरवाजे तक निकल आते है और विद्यार्थियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्हे आशीर्वाद दे रहे है।

अपने दैनिक गतिविधियों की शुरुआत करते हुए स्वयं सेवक नित्य योग एवं व्यायाम के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश देते है फिर स्वच्छता के लिए सार्वजनिक पेयजल स्थलों एवं तालाब घाटों की सफाई करते है फिर बौद्धिक परिचर्चा में बुद्धिजीवियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा परिचर्चा करते हुए अपने वक्तृत्व दक्षता को विकास देने पर जुट जाते हैं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक के रूप में छात्र-छात्राएं। वही विद्यार्थी गण लोगों को समझाईस दे रहे हैं कि यदि अपने घर परिवार को बचाना है तो हमें नशा से दूर रहना होगा। विदित हो कि नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम ठाकुरपाली राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर विद्यालय के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं वर्तमान जिला संगठक भोजराम पटेल प्रभारी प्राचार्य के कुशल निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मंजू पटेल के मार्गदर्शन में कुशलता पूर्वक संचालित हो रहा है जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहभागिता हो रही है तथा ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिकों की शिविर कार्यक्रम व गतिविधियों के प्रति विशेष रुझान देखा जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शिविर के दूसरे दिन परियोजना कार्य में सार्वजनिक पेयजल स्थल पानी टंकी के पास की गंदगी को सफाई करते हुए जल निकासी के लिए श्रमदान किया वहीं तालाब के घाट मेड़ में पहुंचकर वहां भी साफ सफाई किए। बौद्धिक परिचर्चा में विशिष्ट वक्ता के रूप में अंग्रेजी की व्याख्याता चंद्रकांता सिदार, भौतिकी के व्याख्याता श्रीमती नीलम मालाकार, शिक्षिका श्रीमती रिता चौहान ने भाग लिया।

### पतंजलि योगपीठ का 29 वां स्थापना दिवस मनाया

**तमनार।** महिला पतंजलि योग समिति तहसील तमनार के ग्राम समकेरा में महिला पतंजलि योगपीठ की 29 वां स्थापना दिवस दिनांक 5 जनवरी को मनाया गया, जिसमें महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के राज्य सोशल मीडिया प्रभारी गीतांजलि पटनायक के द्वारा स्वामी महाराज एवं आचार्य के सुक्ष्म उपस्थित में दीप प्रज्वलं कर योग कराए! महिला पतंजलि के बारे में बताते हुए योग आयुर्वेद स्वदेशी एवं वैदिक संस्कृति द्वारा देश की सेवा में किस प्रकार पतंजलि समर्पित है तथा किस प्रकार कार्य कर रही है विस्तृत रूप से बताया गया! हर वर्ष 5 जनवरी को पतंजलि योगपीठ की स्थापना दिवस मनाया जाता है। वर्तमान स्थिति में पतंजलि योगपीठ निस्वार्थ भाव लोगो हित मे देश के साथ विदेश में भी कार्य कर रही है।




# बाघाडोला और कोसमंदा के विकसित भारत संकल्प शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम बाघाडोला के पंचायत भवन के करीब स्थित ग्राउंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन नोडल अधिकारी, सब इंजीनियर बिन्दु डनसेना सहित अन्य शासकीय टीम के सक्रियता से कोसमंदा पंचायत को शामिल करते हुए सरपंच सुमति लेकरू देहरी तथा विकास पटेल एवं सचिव संजय चौधरी व पंचायत पदाधिकारियों के व्यवस्था में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष गौरांग साव रहे वहीं संयोजक एवं अन्य अतिथियों में महामंत्री मनोरंजन साहू, कांदागढ सरपंच फकीर प्रधान, छोटे हरदी सरपंच सुरेश गुप्ता, भाजपा नेत्रियों में इंदिरा गुप्ता, खीरमति डनसेना व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय प्राप्त हितग्राही तथा किसान सम्मान निधि एवं केसीसी ऋण व उज्जवला गैस के लाभ लेने वाले किसान केन्द्र सरकार के प्रति आभार प्रदर्शन किया वहीं दोनों पंचायत के लोगों ने इसके लिए आवेदन भी किया है। कार्यक्रम में शामिल लोंगो के मनोरंजन का ध्यान रखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए वहीं जिनकी मांग रही वे लगे हुए विभागों में स्टालों में आवेदन प्रस्तुत किए। इसी कडी में जनपद शाखा में बाधाडोला वासियों ने आवास के 105 और कोसमंदा के 115 आवेदन प्रस्तुत हुए। 117 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### 48 लीटर शराब एवं 300 किलो महुआ लाहन जब्त

**रायगढ़।** आबकारी एवं पुलिस विभाग के कार्यपालिक अमलों द्वारा थाना खरसिया के ग्रामों में संयुक्त कार्यवाही की गई। संयुक्त तलाशी अभियान में ग्राम तेलीकोट से 24 बोतलों में कुल 48 लीटर अवैध महुआ शराब और 20 बोरियों में कुल 300 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। ग्राम सोनबरसा में भी दो प्रकरणों में 7 लीटर अवैध आसवित मदिरा बरामद की गई।

